भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1759

13 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

इस्पात के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बुनियादी ढांचे को सुधारा जाना

1759. श्री इरण्ण कडाडि:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई वाले "इस्पात संयंत्रों" को उनके बुनियादी ढांचे में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करने की कोई योजनाएं हैं और, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को विकसित करने के लिए इस्पात की बड़ी विदेशी कंपनियों के माध्यम से कोई तकनीकी सहायता शुरू की गई है और, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या निजी कंपनियों की तुलना में उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात का उत्पादन करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को अत्यधिक वित्तीय प्रावधान प्रदान किए जाते हैं, और, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या व्यवसाय के आपूर्ति पक्ष को बढ़ावा देने के लिए, विशेषकर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की रक्षा के लिए कोई अतिरिक्त प्रयास किया गया था और, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) से (घ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और मंत्रालय की भूमिका एक सुविधाप्रदाता की है। अवसंरचना को बेहतर करने, तकनीकी सहायता तथा उसे वित्तपोषित करने इत्यादि से संबंधित निर्णय अलग-अलग इस्पात सीपीएसई द्वारा तकनीकी-वाणिज्यिक सोच-विचारों के आधार पर लिए जाते हैं।

****